

# टीम इंडिया शुरुआती झटकों के बाद संभली

## ओवल टेस्ट : बारिश से बाधित हुआ पहले दिन का खेल, भारत 96 रन पर 3 विकेट



**लंदन 31 जुलाई.** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के अंतिम मुकाबले के पहले दिन बारिश ने बार-बार खेल में खलल डाला। लंदन के द ओवल मैदान पर खेले जा रहे इस मैच में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने 33 ओवर में तीन विकेट खोकर 96 रन बनाए।


भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल महज 2 रन बनाकर गस एटकिंसन का शिकार बने। इसके बाद क्रिस वोक्स ने केएल राहुल (14) को बोल्ड कर भारत को दूसरा झटका दिया। कप्तान शुभमन गिल, जो 21 रन बनाकर अच्छी लय में दिख रहे थे, दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से रन आउट हो गए। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन और करुण नायर ने पारी को संभाला। सुदर्शन ने 28 रन बनाए जबकि नायर ने 4 रन बनाकर अपनी पारी की शुरुआत की। दोनों ने बारिश के बाद खेल फिर से शुरू होने पर संभलकर बल्लेबाजी की। मैच के दौरान बारिश की वजह से पहले सत्र में ही लंच ले लिया गया, और बाद में फिर से बारिश के कारण चायकाल भी जल्दी करना पड़ा।

### गिल ने सबसे खराब रिकॉर्ड किया अपने नाम

भारतीय कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में सभी पांच टॉस हार गए हैं. पांचवें टेस्ट में भी इंग्लैंड ने टॉस जीता, जिसने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय किया. यह टेस्ट क्रिकेट में ऐसा पहला मौका नहीं है जब किसी टीम ने पांच मैचों की सीरीज में सभी टॉस हारे हों. यह कुल 14वां मौका है जब किसी 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में कोई टीम सारे टॉस हारी हो. 21वीं सदी में ऐसा पहली बार 2018 में भारतीय टीम के इंग्लैंड टूर के दौरान हुआ था. उस समय इंग्लैंड के कप्तान रहे जो रूट ने भारत के खिलाफ सभी टॉस जीते थे. 21वीं सदी में ऐसा सिर्फ दूसरी बार हुआ है जब किसी कप्तान ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में सभी टॉस हारे हों. इस सदी में ऐसा पहली बार विराट कोहली के साथ हुआ था, जो 2018 में टीम इंडिया के इंग्लैंड दौरे पर सभी 5 टॉस हार गए थे.

### बेंच पर बैठे रह गए 3 भारतीय प्लेयर

भारतीय टीम ने पांचवे टेस्ट में अपनी प्लेइंग इलेवन में चार बड़े बदलाव किए, लेकिन स्काड में शामिल कुछ प्लेयर ऐसे रह गए जो पूरी सीरीज में बेंच पर बैठे रह गए. इनमें से पहला नाम कुलदीप यादव का भी है, जिन्हें पहले टेस्ट से ही प्लेइंग इलेवन में लाए जाने की मांग उठती रही है. दूसरा नाम अभिमन्यू ईश्वरन का है, जो आमतौर पर ओपनिंग बल्लेबाजी करते हैं. उन्हें ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर भी भारतीय स्काड में स्थान मिला था, लेकिन तब भी खेलने का मौका नहीं मिल पाया था. इस सूची में तीसरा नाम अर्शदीप सिंह का रहा, जो पूरी सीरीज में अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार करते रह गए.



## अरुण लाल के लिए 28 साल छोटी पत्नी ने तैयार किया बर्थडे गिफ्ट

**कोलकाता.** जब उम्र के एक पड़ाव पर जिंदगी थोड़ा ठहर-सी जाती है, तब कोई खास इंसान उसे फिर से रोशनी से भर देता है. बंगाल टीम के पूर्व कोच अरुण लाल के लिए वो रोशनी हैं उनकी पत्नी बुलबुल, जो हर मोड़ पर उनका साथ निभा रही हैं. भारत के लिए 16 टेस्ट और 13 वनडे खेल चुके अरुण लाल का कल जन्मदिन है. वह एक अगस्त, 2025 को 70 साल के हो जाएंगे. 2 मई, 2022 को 66 साल के अरुण लाल अपने से 28 साल छोटी बुलबुल साहा संग शादी के बंधन में बंधे थे.अरुण लाल के जन्मदिन पर उनकी पत्नी बुलबुल उन्हें क्या गिफ्ट दे रही हैं...? यह भले ही एक सरप्राइज हो, लेकिन बुलबुल ने बात करते हुए जन्मदिन की खास तैयारियों का जिक्र किया. मेनू में बुलबुल ने अरुण की पसंद का पूरा ख्याल रखा है जिसमें उनकी पसंदीदा चिंगड़ी (झींगा) मछली भी होगी. इस खास दिन के लिए बुलबुल ने एक बड़ा सरप्राइज तैयार किया है. अरुण लंबे समय से जापान जाना चाहते थे, लेकिन व्यस्तता और जिम्मेदारियों ने हमेशा रोक लिया, अब बुलबुल ने उस अधूरे सपने को पूरा करने की ठानी है. नवंबर में दोनों जापान की वादियों में खो जाने को तैयार हैं.




## चहल ने इंग्लैंड में मचाया कहर, काउंटी स्पर्धा में डर्बीशायर के खिलाफ चटकाए 6 विकेट

**नई दिल्ली.** भारतीय क्रिकेट टीम में वापसी की राह देख रहे स्पिनर युजवेंद्र चहल ने काउंटी चैम्पियनशप में शानदार गेंदबाजी की. नॉर्थहैम्पटनशायर के लिए खेलते हुए उन्होंने डर्बीशायर के खिलाफ 5 विकेट हॉल किया. ब्लेयर टिकनर का विकेट लेकर उन्होंने पारी में अपना छठा विकेट हासिल किया. उन्होंने इस पारी में सबसे अधिक ओवर (33.2) भी डाले. नॉर्थम्प्टन में खेले जा रहे इस मैच में डर्बीशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया. हैरी केम (17) के रूप में युजवेंद्र चहल ने अपना पहला विकेट लिया, उन्होंने केम को एलबीडबल्यू आउट किया. इसके बाद उन्होंने सलामी बल्लेबाज लुइस रीस (39) के रूप में बड़ा विकेट चटकाया. चहल ने बेन एचिसन को आउट कर पारी में 5 विकेट हॉल किया. एचिसन 45 रन बना चुके थे, वह अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे तब भारतीय स्पिनर ने उन्हें बोल्ड किया. पारी का आखिरी और अपना छठा विकेट चहल ने ब्लेयर टिकनर का लिया.

### एक नजर में

### अंडर-19 टीम की कमान संभालेंगे आयुष म्हात्रे



**नई दिल्ली.** सितंबर में भारत की अंडर-19 टीम ऑस्ट्रेलिया का दौरा करने वाली है, जिसके लिए आयुष म्हात्रे को टीम इंडिया का कप्तान चुना गया है. इससे पहले इंग्लैंड टूर पर आयुष की कप्तानी में टीम इंडिया ने यूथ वनडे सीरीज में इंग्लैंड को 3-2 से हराया था. उनकी कप्तानी में भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ यूथ टेस्ट सीरीज को भी ड्रॉ करवाया था. सितंबर महीने में भारत और ऑस्ट्रेलिया की अंडर-19 टीमों के बीच 3 वनडे और दो रेड-बॉल मैच खेले जाने हैं. आपको याद दिला दें कि इंग्लैंड टूर पर विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू को अंडर-19 टीम का उपकप्तान नियुक्त किया गया था. कुंडू, ऑस्ट्रेलियाई दौरे के लिए भी टीम में शामिल हैं, लेकिन उपकप्तानी उनसे छीन कर विहान मल्होत्रा को दे दी गई है. वैभव सूर्यवंशी ने भी अपनी जगह सुरक्षित रखी है, जिन्होंने टेस्ट सीरीज में तो ज्यादा रन नहीं बनाए लेकिन वनडे सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर रहे थे. इंग्लैंड के खिलाफ यूथ वनडे सीरीज में वैभव ने 5 पारियों में 71 के शानदार औसत से 355 रन बनाए थे. उनके अलावा राहुल कुमार, हरवंश सिंह, आरेस अंबरिस, कनिष्क चौहान और हेनिल पटेल ने भी अपना स्थान सुरक्षित रखा है.

### जर्मन ओलंपिक चैंपियन लॉरा डालमायर की मौत



**नई दिल्ली.** जर्मनी की दिग्गज बायथलॉन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता लॉरा डालमायर की पाकिस्तान में पहाड़ चढ़ने के दौरान एक दुखद हादसे में मौत हो गई. यह हादसा सोमवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित लाईला पीक (6,096 मीटर) पर चढ़ाई के दौरान हुआ, जब अचानक गिरती चट्टानों की चपेट में आने से उन्हें गंभीर चोटें आईं. इस हादसे की पुष्टि स्थानीय प्रशासन और जर्मनी में उनकी प्रबंधन टीम ने की है. गिलगित-बाल्टिस्तान सरकार के प्रवक्ता फैजुल्लाह फराक ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद तुरंत रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया था. डालमायर का शव इस समय पहाड़ पर ही है, जिसे स्कर्दू शहर लाने की प्रक्रिया जारी है. लॉरा के साथ पहाड़ पर चढ़ाई कर रही उनकी साथी मारिना ईवा इस हादसे में बच गई हैं.

# तरुण ने टॉप सीड को हरा किया बड़ा उलटफेर

## मकाऊ ओपन में तरुण-लक्ष्य क्वार्टर में पहुंचे, चेउक यिउ,आयुष और ध्रुव-तनिषा बाहर



**चेन्नई 31 जुलाई. भारत के तरुण मन्नेपल्ली और लक्ष्य सेन ने गुरुवार को मकाऊ ओपन (बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर सुपर 300) के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।**

23 वर्षीय तरुण ने शीर्ष वरीयता प्राप्त हांगकांग, चीन के ली चेउक यिउ को 19-21, 21-14, 22-20 से हराकर उलटफेर किया। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए उनका मुकाबला चीन के विश्व नंबर 87 हू झे आन से होगा, वहीं दूसरी वरीयता प्राप्त लक्ष्य सेन ने इंडोनेशिया के चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो को 21-14, 14-21, 21-17 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी आयुष शेट्टी मलेशिया के जस्टिन होह से 21-18, 21-16 से हारकर बाहर हो गए। मिश्रित युगल में, पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रास्टो भी मलेशिया के जिमी वोंग और लाई पेई जिंग से हारकर बाहर हो गई।

> महिला एकल में, युवा खिलाड़ी रक्षिता श्री संतोष रामराज ने थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान को निर्णायक गेम तक ले गईं, लेकिन 51 मिनट के मुकाबले में हार गईं।

# लियोनेल मेसी की वापसी से मियामी की जीत

**फोर्ट लॉडरडेल 31 जुलाई. इंटर मियामी ने फोर्ट लॉडरडेल, फ्लोरिडा के चेज़ स्टेडियम में एटलस एफसी के खिलाफ 2-1 की जीत के साथ अपने लीग्स कप 2025 अभियान की शुरुआत की।**

**लीग्स कप में एटलस एफसी को 2-1 से हराया**

लियोनेल मेसी, जो एमएलएस ऑल-स्टार मैच में अनुपस्थित रहने के कारण एक मैच के निलंबन से लौटे थे, ने हेरन्स द्वारा किए गए दोनों गोलों में असिस्ट कर मैच में शानदार प्रदर्शन किया। मेसी का पहला असिस्ट 58वें मिनट में आया, जब उन्होंने टेलास्को सेगोविया के गोल में मदद की, जिससे मियामी ने स्कोरिंग खोली। मेसी का मैच जिताने वाला असिस्ट दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में आया, जब उन्होंने मार्सेलो वीगेंड्ट को एक शानदार पास दिया, जिन्होंने इंटर मियामी के बेहतरीन अटैक को टैप-इन फिनिश के साथ पूरा किया। यह गोल शुरुआत में ऑफसाइड करार दिया गया था, लेकिन वीएआर चेक ने पुष्टि की कि मेसी के पास देने के समय वीगेंड्ट गेंद के पीछे थे, और निर्णय पलट दिया गया, जिससे मियामी को जीत और तीनों अंक मिले।



# हेनरी से सारे समीकरण किए ध्वस्त

## 39 रन देकर लिए 6 विकेट



**नई दिल्ली 31 जुलाई. लगभग 9 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में आमने-सामने आई न्यूजीलैंड और जिम्बाब्वे की टीमें एकतरफा मुकाबले की गवाह बन गई. जहां जिम्बाब्वे की उम्मीदें घरेलू पिच पर बेहतर शुरुआत की थी, वहीं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी उनके सारे समीकरण ही ध्वस्त कर दिए.**

हेनरी ने सिर्फ 39 रन देकर 6 विकेट लिए और जिम्बाब्वे की पूरी टीम को ढाई सेशन के अंदर 149 रन पर ऑलआउट हो गई. दोनों देशों के बीच 2016 के बाद पहला टेस्ट मुकाबला खेला जा रहा है.

हरारे में खेले जा रहे इस टेस्ट में जिम्बाब्वे के कप्तान क्रेग एर्विन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी, लेकिन यह दांव पूरी उनकी टीम पर पूरी तरह उल्टा पड़ गया. ओपनिंग से ही मैट हेनरी ने सटीक लाइन-लेंथ से बल्लेबाजों को परेशानी में डाल दिया. बेनेट (6), कुरेन (13) और निक वेल्च (27) को हेनरी ने आउट कर पहले सेशन में ही पकड़ मजबूत बना ली.

इसके साथ ही, नाथन स्मिथ ने भी सीन विलियम्स (2) को आउट कर जिम्बाब्वे को और मुश्किल में डाल दिया.

# खतरे में है गौतम गंभीर का हेड कोच पद!

## भारत-इंग्लैंड सीरीज के बीच माइक एथर्टन ने की भविष्यवाणी



**नई दिल्ली 31 जुलाई.** इंग्लैंड टूर के साथ शुभमन गिल ने बतौर भारतीय कप्तान अपने सफर की शुरुआत की है. यह सीरीज गिल के महान कप्तानी करियर की नींव रख सकती है, लेकिन यही सीरीज गौतम गंभीर के लिए बहुत नुकसानदेह साबित हो सकती है. दरअसल इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइक एथर्टन का मानना है कि भारत, इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हार जाता है तो हेड कोच गौतम गंभीर भारी दबाव में आ जाएंगे. उनके कोच बनने के बाद टीम इंडिया को ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के हाथों शिकस्त मिल चुकी है.



> माइक एथर्टन ने कहा, भारत लगातार 2 टेस्ट सीरीज हार चुका है. उसे घर पर न्यूजीलैंड के हाथों 3-0, फिर बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को भी 3-1 से हाए गए. अब अगर उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ इस सीरीज में हार मिली, तो बतौर कोच गौतम गंभीर दबाव में आ जाएंगे. एथर्टन ने आगे कहा कि भारतीय क्रिकेट टीम के पास मौजूद संसाधनों को देखते हुए भारत के लोग उम्मीद करते हैं कि उनकी टीम जब भी मैदान पर उतरे तो जीत दर्ज करके आए. इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने माना कि लगातार तीन टेस्ट सीरीज हार से जरूर गौतम गंभीर की मुश्किलें बढ़ जाएंगी. इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा सीरीज से पहले गौतम गंभीर के कोच बनने के बाद टीम इंडिया ने अब तक 3 टेस्ट सीरीज खेली हैं. उनमें भारत सिर्फ बांग्लादेश को हरा पाया है.

# मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बॉर्नमाउथ को 4-1 से रौंदा

## होजलुंड, डोर्गु, डियालो और विलियम्स ने यूनाइटेड के लिए किए गोल

**शिकागो 31 जुलाई. मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बुधवार को शिकागो में प्रीमियर लीग समर सीरीज़ प्री-सीज़न टूर्नामेंट में बॉर्नमाउथ पर 4-1 से शानदार जीत दर्ज की। यह रुबेन अमोरिम की टीम की लगातार दूसरी जीत थी।**

यूनाइटेड ने मैच पर शुरू से ही नियंत्रण बनाए रखा और आठवें मिनट में ही रासमस होजलुंड के गोल से बढ़त बना ली। इसके बाद पैट्रिक डोर्गु ने 25वें मिनट में दूसरा गोल दागकर बढ़त को दोगुना किया। दूसरे हाफ में अमाद डियालो ने 53वें मिनट में तीसरा गोल किया, और सब्स्टीट्यूट ईथन विलियम्स ने 72वें मिनट में चौथा गोल दागकर यूनाइटेड को 4-0 से आगे कर दिया। हालांकि, 88वें मिनट में मैथिज डी लिग्ट के आत्मघाती गोल से बॉर्नमाउथ को सांत्वना मिली।




**दिव्या बोलीं** — दबाव नहीं था, सिर्फ खेल पर ध्यान था, हम्पी की आखिरी चूक ने दिलाई जीत

# लक्ष्य सिर्फ ग्रैंडमास्टर नॉर्म था, जीत बोनस रही



**नागपुर 31 जुलाई** फिडे महिला विश्व कप फाइनल में हमवतन ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी को हराकर विश्व चैंपियन बनीं युवा ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख का बुधवार को जॉर्जिया के बातुमी से नागपुर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। 19 वर्षीय दिव्या ने कहा कि फाइनल खेलते समय उन पर किसी भी तरह का दबाव नहीं था, क्योंकि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं था।

> हवाई अड्डे पर पहुंचने पर दिव्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और अपने पहले कोच राहुल जोशी को दिया, जिनका 2020 में 40 साल की उम्र में निधन हो गया था। उन्होंने कहा, मेरे माता-पिता ने मेरे करियर में सबसे अहम भूमिका निभाई है। उनके बिना मैं यहां तक नहीं पहुंच पाती।

दिव्या ने दो क्लासिकल दौर के ड्रॉ रहने के बाद समय-नियंत्रित टाई-ब्रेक में 38 वर्षीय हम्पी को हराया, जो उनके करियर की सबसे बड़ी सफलता रही। दबाव के सवाल पर दिव्या ने कहा, मुझे नहीं लगा कि मैं मुश्किल में थी। मुझे लगता है कि उन्होंने (हम्पी) जो आखिरी गलती की, उसी ने मुझे जीत दिलाई। उन्होंने बताया कि वह सिर्फ अपने प्रदर्शन पर ध्यान केंद्रित कर रही थीं। इस प्रतियोगिता में दिव्या एक छुपीरूस्तम के तौर पर शामिल हुई थीं और उनका लक्ष्य ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल करना था। उन्होंने न केवल यह लक्ष्य हासिल किया, बल्कि टूर्नामेंट जीतकर अगले साल के कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भी जगह पक्की की और 50,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि भी जीती। दिव्या को उम्मीद है कि उनकी सफलता के बाद भारत में महिला शतरंज काफी लोकप्रिय होगा। उन्होंने युवा खिलाड़ियों और उनके माता-पिता के लिए संदेश दिया कि बच्चों को पूरे दिल से समर्थन देना चाहिए.

# हरियाणा में खेल महाकुंभ कल से

**चंडीगढ़, 31 जुलाई (वार्ता) हरियाणा के खेल राज्यमंत्री गौरव गौतम ने गुरुवार को कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी दो अगस्त को पंचकूला के ताऊ देवीलाल स्टेडियम में खेल महाकुंभ 2025 का उदघाटन करेंगे।**

**15000 से अधिक खिलाड़ी**
**26 खेलों में होगा मुकाबला**

खेल मंत्री ने कहा कि प्रदेश में दो चरणों में खेल महाकुंभ का आयोजन होगा, जिसमें 26 खेलों में 15410 खिलाड़ी शिरकत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेहतरीन खेल नीति और हर राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में पदक जीतकर हरियाणा खेलों में देश का सिरमौर बन चुका है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में पदक जीतने में 60 प्रतिशत का योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि पहले चरण में खेल महाकुंभ के खेल चार अगस्त तक आयोजित होंगे। प्रदेश में राज्य स्तर के इस आयोजन में पहली बार है, जब खेल महाकुंभ को भव्य समारोह का रूप दिया जा रहा है।